# PRESS CLIPPINGS
# june 19 2025

दैनिक जागरण

19 जून, 2025



# 'वन नेशन, वन इलेक्शन' के लिए धीरे-धीरे कदम उठाएं : आरजीएनयूएल

जागरण संवाददाता, पटियालाः राजीव गांधी नेशनल यूनिवर्सिटी आफ ला (आरजीएनयूएल) ने 'वन नेशन, वन इलेक्शन' के मुद्दे पर अपनी राय संयुक्त संसदीय समिति को दी। यह सुझाव वीसी प्रो. (डा.) जय शंकर सिंह की ओर से डा. जसलीन केवलानी ने चंडीगढ़ में समिति से मुलाकात के दौरान सौंपी।

आरजीएनयूएल ने सुझाव दिया कि अगर इस योजना को लागू करना है तो पहले सभी राज्यों से बातचीत करके, धीरे-धीरे और सोच-समझ कर कदम उठाने चाहिए। मीटिंग में डा. जसविंदर कौर और डा. बसंत सिंह भी शामिल हुए। डा. केवलानी ने बताया कि एक साथ चुनाव कराने से पैसे और संसाधनों की बचत हो सकती है, लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि इस फैसले के साथ कई चुनौतियां जुड़ी हैं। उन्होंने समझाया कि भारत जैसे देश में, जहां लोग सरकार में



प्रो. (डा.) जय शंकर सिंह।



डा. जसलीन केवलानी।

भागीदारी का मौका सिर्फ चुनावों के ज़रिये पाते हैं, वहां पांच साल में एक बार चुनाव होने से आम जनता की भागीदारी कम हो सकती है। इससे लोगों का राजनीति में विश्वास भी कम हो सकता है। सामाजिक तौर पर भी चिंता जताई गई कि हर राज्य की अपनी संस्कृति और त्योहार होते हैं। अगर चुनाव उस समय हों, तो लोग वोट डालने से चूक सकते हैं। इसके अलावा, एक साथ चुनाव कराने के लिए बड़ी संख्या में सुरक्षा बल, मशीनें, और लाजिस्टिक तैयारियां भी ज़रूरी होंगी।

पंजाब का इकलौता आज़ाद सोच वाला अख़बार

# दैनिक भास्कर

कुल पेज = 16 पंजाब मूल्य ₹ 3.00 | वर्ष 26, अंक 44

वीरवार, 19 जून, 2025 04

# आरजीएनयूएल ने संसदीय समिति को 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' पर राय सौंपी

भास्कर न्यूज | पटियाला

राजीव गांधी नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ लॉ (आरजीएनयूएल) ने 'एक राष्ट्र, एक चुनाव (ओएनओई)' के मुद्दे पर संयुक्त संसदीय समिति को अपनी राय सौंपी है। यह रिपोर्ट चंडीगढ़ में आयोजित बैठक में वाइस चांसलर प्रो. (डॉ.) जय शंकर सिंह की ओर से यूनिवर्सिटी का प्रतिनिधित्व कर रही डॉ. जसलीन केवलानी ने प्रस्तुत की। आरजीएनयूएल ने कहा कि एक साथ चुनाव कराने से धन और समय की बचत हो सकती है, लेकिन यह निर्णय आसान नहीं है। डॉ. केवलानी ने कहा कि भारत जैसे बड़े और विविध राज्यों वाले देश के लिए इस प्रथा को लागू करना कठिन हो सकता है। उन्होंने कहा कि कम संख्या में चुनाव होने से लोगों की भागीदारी कम हो सकती है। लोगों को 5 साल तक इंतजार करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा, जो लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं है। साथ ही, हर राज्य की अपनी संस्कृति, मेले और त्यौहार होते हैं। अगर उस समय चुनाव आएंगे, तो लोग मतदान करने नहीं जा पाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसी चुनावी व्यवस्था बनाने के लिए संविधान में बड़े बदलाव की जरूरत होगी। अंत में आरजीएनयूएल ने कहा कि यह विचार अच्छा है, लेकिन इसे लागू करने से पहले सभी राज्यों और लोगों की राय ली जानी चाहिए। इस दौरान डॉ. जसविंदर कौर और डॉ. बसंत सिंह भी इस बैठक में शामिल हुए।

-वीरवार, 19 जून, 2025

ਲੋਕ ਆਵਾਜ਼

ਪੰਜਾਬੀ ਟ੍ਰਿਬਿਊਨ

ਵੀਰਵਾਰ, 19 ਜੂਨ 2025



# ਲਾਅ 'ਵਰਸਿਟੀ ਨੇ 'ਇੱਕ ਦੇਸ਼, ਇੱਕ ਚੋਣ' ਬਾਰੇ ਰਾਇ ਸੰਸਦੀ ਕਮੇਟੀ ਨੂੰ ਸੌਂਪੀ

- ਰਿਪੋਰਟ ਵਿੱਚ ਲੋਕਤੰਤਰ ਤੇ ਸਮਾਜਿਕ ਚਿੰਤਾਵਾਂ ਉਭਾਰੀਆਂ

**ਗੁਰਨਾਮ ਸਿੰਘ ਅਕੀਦਾ**

ਪਟਿਆਲਾ, 18 ਜੂਨ

ਰਾਜੀਵ ਗਾਂਧੀ ਨੈਸ਼ਨਲ ਯੂਨੀਵਰਸਿਟੀ ਆਫ ਲਾਅ (ਆਰਜੀਐਨਯੂਐੱਲ), ਪੰਜਾਬ ਨੇ 'ਇੱਕ ਦੇਸ਼, ਇੱਕ ਚੋਣ (ਓਐੱਨਓਈ)' ਮਾਮਲੇ ਸਬੰਧੀ ਆਪਣੀ ਰਾਇ ਸਾਂਝੀ ਸੰਸਦੀ ਕਮੇਟੀ ਨੂੰ ਸੌਂਪ ਦਿੱਤੀ ਹੈ। ਇਹ ਰਿਪੋਰਟ ਵਾਈਸ ਚਾਂਸਲਰ ਪ੍ਰੋ. (ਡਾ.) ਜੈ ਸ਼ੰਕਰ ਸਿੰਘ ਦੀ ਤਰਫ਼ੋਂ ਚੰਡੀਗੜ੍ਹ ਵਿੱਚ ਹੋਈ ਮੀਟਿੰਗ ਵਿੱਚ ਯੂਨੀਵਰਸਿਟੀ ਦੀ ਨੁਮਾਇੰਦਗੀ ਕਰਦਿਆਂ ਡਾ. ਜਸਲੀਨ ਕੇਵਲਾਨੀ ਨੇ ਪੇਸ਼ ਕੀਤੀ। ਆਰਜੀਐਨਯੂਐੱਲ ਵੱਲੋਂ ਦੱਸਿਆ ਗਿਆ ਕਿ ਇੱਕੋ ਸਮੇਂ ਚੋਣਾਂ ਕਰਵਾਉਣ ਨਾਲ ਪੈਸਾ ਤੇ ਸਮਾਂ ਬਚ ਸਕਦਾ ਹੈ, ਪਰ ਇਹ ਫੈਸਲਾ ਸੌਖਾ ਨਹੀਂ। ਡਾ. ਕੇਵਲਾਨੀ ਨੇ ਕਿਹਾ ਕਿ ਭਾਰਤ ਵਰਗੇ ਵੱਡੇ ਅਤੇ ਵੱਖ-ਵੱਖ ਰਾਜਾਂ ਵਾਲੇ ਦੇਸ਼ ਲਈ ਇਹ ਰੀਤੀ ਅਮਲ 'ਚ ਲਿਆਉਣੀ ਔਖੀ ਹੋ ਸਕਦੀ ਹੈ।

ਉਨ੍ਹਾਂ ਕਿਹਾ ਕਿ ਚੋਣਾਂ ਘੱਟ ਹੋਣ ਨਾਲ ਲੋਕਾਂ ਦੀ ਹਿੱਸੇਦਾਰੀ ਘਟ ਸਕਦੀ ਹੈ। ਲੋਕ ਪੰਜ ਸਾਲਾਂ ਤੱਕ ਰੁਕਣ ਲਈ ਮਜਬੂਰ ਹੋ ਜਾਣਗੇ, ਜੋ ਕਿ ਲੋਕਤੰਤਰ ਲਈ ਠੀਕ ਨਹੀਂ। ਨਾਲ ਹੀ, ਹਰ ਰਾਜ ਦੀ ਆਪਣੀ ਸੰਸਕ੍ਰਿਤੀ, ਮੇਲੇ ਤੇ ਤਿਉਹਾਰ ਹੁੰਦੇ ਹਨ। ਜੇਕਰ ਚੋਣਾਂ ਉਸ ਸਮੇਂ ਆਈਆਂ ਤਾਂ ਲੋਕ ਵੋਟ ਪਾਉਣ ਨਹੀਂ ਜਾ ਸਕਣਗੇ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਇਹ ਵੀ ਕਿਹਾ ਕਿ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦੀ ਚੋਣ ਪ੍ਰਣਾਲੀ ਬਣਾਉਣ ਲਈ ਸੰਵਿਧਾਨ ਵਿੱਚ ਬੜੀਆਂ ਤਬਦੀਲੀਆਂ ਦੀ ਲੋੜ ਹੋਵੇਗੀ। ਆਖ਼ਰ ਵਿੱਚ, ਆਰਜੀਐਨਯੂਐੱਲ ਨੇ ਕਿਹਾ ਕਿ ਇਹ ਸੋਚ ਵਧੀਆ ਹੈ, ਪਰ ਇਸ ਨੂੰ ਲਾਗੂ ਕਰਨ ਤੋਂ ਪਹਿਲਾਂ ਸਭ ਰਾਜਾਂ ਅਤੇ ਲੋਕਾਂ ਦੀ ਰਾਇ ਲੈਣੀ ਚਾਹੀਦੀ ਹੈ।ਇਸ ਦੌਰਾਨ ਡਾ. ਜਸਵਿੰਦਰ ਕੌਰ ਅਤੇ ਡਾ. ਬਸੰਤ ਸਿੰਘ ਵੀ ਇਸ ਮੀਟਿੰਗ ਵਿੱਚ ਸ਼ਾਮਲ ਹੋਏ।

भारत में 1.17 करोड़ से अधिक पाठक (IRS 2019) PUNJAB KESARI LUDHIANA

पंजाब केसरी

वीरवार THURSDAY 19 जून 2025

# आर.जी.एन.यू.एल. ने 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' पर संसदीय कमेटी को सौंपी राय

## रिपोर्ट में लोकतंत्र और सामाजिक चिंताओं को किया उजागर

पटियाला, 18 जून (राजेश पंजौला) : राजीव गांधी नैशनल यूनिवर्सिटी ऑफ लॉ (आर.जी.एन.यू.एल.), पंजाब ने 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' विषय पर अपनी राय सांझा की है, जो कि उन्होंने संसदीय कमेटी को प्रस्तुत की। यह रिपोर्ट वाइस चांसलर प्रो. (डॉ.) जय शंकर सिंह के नेतृत्व में चंडीगढ़ में आयोजित बैठक के दौरान विश्वविद्यालय की ओर से डॉ. जसलीन केवलानी द्वारा प्रस्तुत की गई।

आर.जी.एन.यू.एल. की ओर से कहा गया कि एक ही समय पर चुनाव करवाने से धन और समय की बचत हो सकती है, लेकिन यह निर्णय आसान नहीं है। डॉ. केवलानी ने कहा कि भारत जैसे विशाल और विविध राज्यों वाले देश में इस नीति को लागू करना चुनौतीपूर्ण




वी.सी. डॉ. जय शंकर सिंह और डॉ. जसलीन केवलानी।

हो सकता है। उन्होंने कहा कि चुनावों की संख्या कम होने से आम जनता की भागीदारी घट सकती है, और लोगों को 5 वर्षों तक इंतजार करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा, जो कि लोकतंत्र के लिए उचित नहीं होगा।

उन्होंने यह भी बताया कि हर राज्य की अपनी संस्कृति, मेले और त्योहार होते हैं, और यदि चुनाव उन्हीं दिनों में हुए, तो नागरिक वोट डालने नहीं जा सकेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि इस तरह की चुनाव प्रणाली को लागू करने के लिए संविधान में बड़े स्तर पर संशोधन की आवश्यकता होगी।

आर.जी.एन.यू.एल. ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि यह सोच अच्छी है, लेकिन इसे लागू करने से पहले सभी राज्यों और नागरिकों की राय अवश्य ली जानी चाहिए। इस बैठक में डॉ. जसविंदर कौर और डॉ. बसंत सिंह भी उपस्थित रहे। राजीव गांधी नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी देश की प्रमुख राष्ट्रीय लॉ यूनिवर्सिटी है। 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' मामले पर भारत सरकार द्वारा गठित संयुक्त संसदीय कमेटी समाज के विभिन्न वर्गों से बातचीत कर रही है ताकि कानून बनाने से पहले सभी पक्षों की राय ली जा सके। लॉ यूनिवर्सिटी ने भी समाज के विभिन्न वर्गों, कानून विशेषज्ञों, प्रोफेसरों और विद्यार्थियों से बातचीत कर एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार की है, जो इस कानून के निर्माण में बेहद उपयोगी साबित होगी।

39.77 ਲੱਖ ਪਾਠਕ (IRS 2019) JAGBANI LUDHIANA

ਜਗ ਬਾਣੀ

Thursday, 19 June 2025

# ਆਰ.ਜੀ.ਐੱਨ.ਯੂ.ਐੱਲ. ਨੇ 'ਇਕ ਰਾਸ਼ਟਰ, ਇਕ ਚੋਣ' 'ਤੇ ਸੰਸਦੀ ਕਮੇਟੀ ਨੂੰ ਰਾਇ ਸੌਂਪੀ

## ਰਿਪੋਰਟ 'ਚ ਲੋਕਤੰਤਰ ਅਤੇ ਸਮਾਜਿਕ ਚਿੰਤਾਵਾਂ ਉਭਾਰੀਆਂ



ਵੀ. ਸੀ. ਡਾ. ਜੈ ਸ਼ੰਕਰ ਸਿੰਘ ਅਤੇ ਡਾ. ਜਸਲੀਨ ਕੇਵਲਾਨੀ

ਪਟਿਆਲਾ, 18 ਜੂਨ (ਰਾਜੇਸ਼ ਪੰਜੌਲਾ)-ਰਾਜੀਵ ਗਾਂਧੀ ਨੈਸ਼ਨਲ ਯੂਨੀਵਰਸਿਟੀ ਆਫ ਲਾਅ (ਆਰ. ਜੀ. ਐੱਨ. ਯੂ. ਐੱਲ.), ਪੰਜਾਬ ਨੇ 'ਇਕ ਰਾਸ਼ਟਰ, ਇਕ ਚੋਣ (ਓ. ਐੱਨ. ਓ. ਈ.)' ਮਸਲੇ 'ਤੇ ਆਪਣੀ ਰਾਏ ਸਾਂਝੀ ਸੰਸਦੀ ਕਮੇਟੀ ਨੂੰ ਦਿੱਤੀ ਹੈ।

ਇਹ ਰਿਪੋਰਟ ਵਾਈਸ ਚਾਂਸਲਰ ਪ੍ਰੋ. (ਡਾ.) ਜੈ ਸ਼ੰਕਰ ਸਿੰਘ ਵਲੋਂ ਚੰਡੀਗੜ੍ਹ 'ਚ ਹੋਈ ਮੀਟਿੰਗ ਵਿਚ ਯੂਨੀਵਰਸਿਟੀ ਦੀ ਨੁਮਾਇੰਦਗੀ ਕਰਦਿਆਂ ਡਾ. ਜਸਲੀਨ ਕੇਵਲਾਨੀ ਨੇ ਪੇਸ਼ ਕੀਤੀ। ਆਰ. ਜੀ. ਐਨ. ਯੂ. ਐਲ. ਵਲੋਂ ਦੱਸਿਆ ਗਿਆ ਕਿ ਇਕੋ ਸਮੇਂ ਚੋਣਾਂ ਕਰਵਾਉਣ ਨਾਲ ਪੈਸਾ ਤੇ ਸਮਾਂ ਬਚ ਸਕਦਾ ਹੈ, ਪਰ ਇਹ ਫੈਸਲਾ ਸੌਖਾ ਨਹੀਂ।

ਡਾ. ਕੇਵਲਾਨੀ ਨੇ ਕਿਹਾ ਕਿ ਭਾਰਤ ਵਰਗੇ ਵੱਡੇ ਅਤੇ ਵੱਖ ਵੱਖ ਰਾਜਾਂ ਵਾਲੇ ਦੇਸ਼ ਲਈ ਇਹ ਨੀਤੀ ਅਮਲ ਵਿਚ ਲਿਆਉਣੀ ਔਖੀ ਹੋ ਸਕਦੀ ਹੈ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਕਿਹਾ ਕਿ ਚੋਣਾਂ ਘੱਟ ਹੋਣ ਨਾਲ ਲੋਕਾਂ ਦੀ ਹਿੱਸੇਦਾਰੀ ਘਟ ਸਕਦੀ ਹੈ। ਲੋਕ ਪੰਜ ਸਾਲਾਂ ਤੱਕ ਰੁੱਕਣ ਲਈ ਮਜਬੂਰ ਹੋ ਜਾਣਗੇ ਜੋ ਕਿ ਲੋਕਤੰਤਰ ਲਈ ਠੀਕ ਨਹੀਂ। ਨਾਲ ਹੀ ਹਰ ਰਾਜ ਦੀ ਆਪਣੀ ਸੰਸਕ੍ਰਿਤੀ, ਮੇਲੇ ਤੇ ਤਿਓਹਾਰ ਹੁੰਦੇ ਹਨ ਜੇਕਰ ਚੋਣਾਂ ਉਸ ਸਮੇਂ ਆਈਆਂ ਤਾਂ ਲੋਕ ਵੋਟ ਪਾਉਣ ਨਹੀਂ ਜਾ ਸਕਣਗੇ।

ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਇਹ ਵੀ ਕਿਹਾ ਕਿ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦੀ ਚੋਣੀ ਪ੍ਰਣਾਲੀ ਬਣਾਉਣ ਲਈ ਸੰਵਿਧਾਨ ਵਿਚ ਬੜੀਆਂ ਤਬਦੀਲੀਆਂ ਦੀ ਲੋੜ ਹੋਵੇਗੀ। ਆਰ. ਜੀ. ਐੱਨ. ਯੂ. ਐੱਲ. ਨੇ ਆਪਣੀ ਰਿਪੋਰਟ ਵਿਚ ਕਿਹਾ ਕਿ ਇਹ ਸੋਚ ਵਧੀਆ ਹੈ ਪਰ ਇਸ ਨੂੰ ਲਾਗੂ ਕਰਨ ਤੋਂ ਪਹਿਲਾਂ ਸਭ ਰਾਜਾਂ ਅਤੇ ਲੋਕਾਂ ਦੀ ਰਾਏ ਲੈਣੀ ਚਾਹੀਦੀ ਹੈ।

ਇਸ ਦੌਰਾਨ ਡਾ. ਜਸਵਿੰਦਰ ਕੌਰ ਅਤੇ ਡਾ. ਬਸੰਤ ਸਿੰਘ ਵੀ ਇਸ ਮੀਟਿੰਗ ਵਿਚ ਸ਼ਾਮਲ ਹੋਏ। ਰਾਜੀਵ ਗਾਂਧੀ ਨੈਸ਼ਨਲ ਲਾਅ ਯੂਨੀਵਰਸਿਟੀ ਦੇਸ਼ ਦੀ ਵੱਡੀ ਨੈਸ਼ਨਲ ਯੂਨੀਵਰਸਿਟੀ ਹੈ। ਇਕ ਰਾਸ਼ਟਰ, ਇਕ ਚੋਣ ਮਾਮਲੇ 'ਤੇ ਭਾਰਤ ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਜੋ ਸਾਂਝੀ ਸੰਸਦੀ ਕਮੇਟੀ ਗਠਿਤ ਕੀਤੀ ਹੈ, ਉਹ ਸਮਾਜ ਦੇ ਵੱਖ ਵੱਖ ਵਰਗਾਂ ਦੇ ਨਾਲ ਗੱਲਬਾਤ ਕਰ ਰਹੀ ਹੈ ਤਾਂ ਕਿ ਇਸ ਕਾਨੂੰਨ ਨੂੰ ਬਣਾਉਣ ਤੋਂ ਪਹਿਲਾਂ ਹਰ ਵਰਗ ਦਾ ਪੱਖ ਜਾਣਿਆ ਜਾ ਸਕੇ।

ਲਾਅ ਯੂਨੀਵਰਸਿਟੀ ਵਲੋਂ ਸਮਾਜ ਦੇ ਵੱਖ ਵੱਖ ਵਰਗਾਂ ਨਾਲ ਗੱਲਬਾਤ ਕਰਨ ਤੋਂ ਇਲਾਵਾ ਕਾਨੂੰਨੀ ਮਾਹਰਾਂ, ਲਾਅ ਦੇ ਪ੍ਰੋਫੈਸਰਾਂ, ਵਿਦਿਆਰਥੀਆਂ ਨਾਲ ਗੱਲਬਾਤ ਕਰ ਕੇ ਇਕ ਰਿਪੋਰਟ ਤਿਆਰ ਕੀਤੀ ਹੈ ਜੋ ਕਿ ਇਹ ਕਾਨੂੰਨੀ ਤਿਆਰ ਕਰਨ ਵਿਚ ਕਾਫੀ ਲਾਹੇਵੰਦ ਸਾਬਤ ਹੋਵੇਗੀ।